बरेली, रविवार
20 जुलाई 2025
नगर संस्करण

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO.- 05 : MIDDLE

# गुडलाइफ अस्पताल का मना स्थापना दिवस

## दो दिवसीय जांच कैंप में की गई मरीजों की निशुल्क जांचें



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (19 July):** एसआरएमएस गुडलाइफ हास्पिटल ने शनिवार को अपना आठवां स्थापना दिवस मनाया. एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति और गुडलाइफ हास्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने स्टाफ के साथ विधि विधान से हवन किया और सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी.

## फ्री हुई जांचें

डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने होम अवे फ्राम होम कांसेप्ट से 19 जुलाई वर्ष 2018 में गुडलाइफ हास्पिटल स्थापित किया. हाईजीन और नर्सिंग केयर में अलग पहचान बनाने के साथ डाक्टर और स्टाफ की मेहनत से गुडलाइफ हास्पिटल ने सात वर्षों में खास मुकाम बनाया है. इसी वजह से यहां के इंटरनल मेडिसिन सेंटर, यूरोलॉजी एवं किडनी केयर सेंटर, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी सेंटर, घुटना और कूल्हे के ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर, मेंटल हैल्थकेयर सेंटर और क्रिटिकल केयर सेंटर को सेंटर आफ एक्सीलेंस कहा जाता है. आईसीयू, एचडीयू और एनआईसीयू संपन्न यहां के क्रिटिकल केयर सेंटर में भर्ती होकर अब तक 2000 से ज्यादा मरीज स्वास्थ्य लाभ हासिल कर चुके हैं. सात वर्ष में यहां 3 लाख से ज्यादा मरीज ओपीडी में पहुंचे. भर्ती होकर 25 हजार से ज्यादा मरीजों ने अपना इलाज करवाया. 12 हजार से ज्यादा मरीजों को आपरेशन के बाद परेशानियों से ठीक हुए. 600 से ज्यादा मरीजों ने आपरेशन करवा कर घुटने और कूल्हे की तकलीफ से निजात पाई है. एसआरएमएस ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा, एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डा. एमके मेहरोत्रा, डा. पियूष कुमार, डा. अमरेश कुमार अग्रवाल, डा. रोहित शर्मा, डा. बिंदु गर्ग, डा. रुचिका गोयल, डा. संजय कुमार व डा. विद्यानंद झा रहे.